# क्राइम पेट्रोल

वर्षः 16 अंकः 204 देहरादून शुक्रवार 24 जून 2022 | livecrimepatrol@gmail.com | (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठः 8 मूल्यः 1 रूपये


## विकास कार्यों को लेगेंगे 'पंख'



अफजाल अहमद

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उपचुनाव में रिकार्ड मतों से जीतने के बाद अब पूरी तरह से विकास कार्यों पर फोकस कर रहे हैं। विकास कार्यों की निगरानी खुद मुख्यमंत्री करेंगे, जिसके लिए बाकायदा मुख्यमंत्री की ओर से गाइडलाइंस जारी की गयी हैं। जिसके अंतर्गत मुख्यमंत्री हर सप्ताह अब दो दिन जिलों का दौरा करेंगे और विकास कार्यों की निगरानी खुद अपनी रेख देख में करेंगे।

चम्पावत से 93 प्रतिशत मतों से चुनाव जीतने के बाद मुख्यमंत्री धामी अब पर जोश के साथ विकास कार्यों पर लग गए हैं। मुख्यमंत्री धामी प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों की खुद ही मोनेटरिंग करेंगे साथ ही अब हर हफ्ते में दो दिन प्रदेश के जिलों का दौरा करेंगे। ऐसा करके मुख्यमंत्री न केवल कामों में तेजी और पारदर्शिता लाने की कोशिश है बल्कि अपने मंत्रियों से लेकर जनता तक सन्देश देने की भी कोशिश माना जा रहा है। प्रदेश में जिस तरह से मुख्यमंत्री बनने के बाद पुष्कर धामी की लोकप्रियता में इजाफा हुआ है उससे जनता की उम्मीदें उन से बढ़ गयी है। विकास कार्यों की निगरानी को लेकर और जनता की समस्याओं से रूबरू होने के लिए अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हफ्ते में 2 दिन हर जिले में जाकर प्रवास करेंगे। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी डीएम को मुख्यमंत्री की इस मुहिम के बारे में एक गाइडलाइन जारी की है। इस अभियान से प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की रफ्तार में इजाफा देखने को मिलेगा।

## क्रिकेट खिलाड़ी से मारपीट प्रकरण में सीएयू के अधिकारियों की जल्द हो सकती है गिरफ्तारी



अरूण शर्मा

देहरादून। क्रिकेटर आर्य सेठी से मारपीट मामले में दून पुलिस की जांच हुई तेज हो गयी है। सीएयू के सचिव महिम वर्मा समेत सातों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गयी है। जल्द सभी आरोपियों की हो सकती है। क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के आरोपित अधिकारी समेत सभी 7 लोगों की फौरन गिरफ्तारी के लिए एसएसपी जन्मेजय खंडूरी ने पुलिस की टीम का गठन कर दिया है। याद दिला दें कि विवाद बीते साल दिसंबर माह का है। जब इंदिरा नगर कॉलोनी निवासी क्रिकेटर आर्य सेठी के पिता वीरेंद्र शेट्टी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका बेटा आर्य सेठी उत्तराखंड के सीनियर क्रिकेट टीम का सदस्य है। 11 दिसंबर 2021 को राजकोट में विजय हजारे ट्रॉफी में अभ्यास मैच के दौरान टीम के कोच मनीष झा ने आर्य सेठी की पिटाई कर दी थी। आर्य सेठी ने इसकी शिकायत सीएयू के सचिव महिम वर्मा से की जिसके बाद महिम वर्मा ने इस संबंध में टीम के मैनेजर नवनीत मिश्रा, कोच मनीष झा और वीडियो एनालिसिस पीयूष रघुवंशी से बात की। आरोप है कि इसके बाद तीनों ने आर्य सेठी को एक कमरे में बुलाया और उसे जान से मारने की धमकी दी। बता दें कि क्रिकेटर आर्य सेठी के साथ हुई मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव महिम वर्मा समेत सात लोगों के खिलाफ वसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव महिम वर्मा, सत्यम शर्मा, पीयूष कुमार रघुवंशी, नवनीत मिश्रा, संजय गुसाईं, मनीष झा और पारूल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सीएयू के पदाधिकारियों पर लग रहे एक के बाद एक गंभीर मामलों से उत्तराखंड क्रिकेट से जुड़े लोगों में काफी आक्रोश है। सीएयू के पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट का कहना है कि मामला बेहद गंभीर है और सभी आरोपितों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## ऊधमसिंहनगर में जल्द शुरू होगा गर्ल्स स्पोर्ट्स कालेज

प्रवेश राणा

देहरादून। गुजरात के एकता नगर, केवड़िया गुजरात में राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के युवा और खेल मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुवात हो गई है। यह आयोजन दो दिन तक चलेगा। उद्घाटन सत्र में उत्तराखंड प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व खेल और युवा मामलों की मंत्री रेखा आर्या कर रही हैं। उनके साथ वरिष्ठ आईपीएस अभिनव कुमार विशेष प्रधान सचिव खेल और युवा मामले मौजूद हैं। साथ ही उत्तराखंड से अजय अग्रवाल संयुक्त निदेशक युवा कल्याण और मनोज शर्मा उप निदेशक खेल भी मौजूद है।



खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, यह भारत में खेलों के लिए एक रोमांचक समय है क्योंकि हम हाल ही में संपन्न हुए डेफ ओलंपिक, थॉमस कप और उबेर कप, 2022 में अपने चैंपियन एथलीटों की सफलता का जश्न मना रहे हैं। हमारी महिला मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भी हमें गौरवान्वित किया है। आर्या ने कहा कि यह एक ऐसा समय है जब हमारे नवोदित एथलीटों को वैश्विक खेल परिदृश्य में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अपनी क्षमता और प्रोत्साहन को बढ़ावा देने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता है। भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने में राज्यों और केंद्र सरकार के बीच तालमेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। रेखा आर्या ने कहा कि गुजरात मे चल रहा यह सम्मेलन निश्चित रूप से उत्तराखंड में खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक कदम होगा।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में खेल के ट्रेनिंग सेंटर के रूप में हमारे पास दो स्पोर्ट्स कॉलेज हैं जिसमे एक गढ़वाल मंडल और दूसरा कुमाऊं मंडल में स्थित है। बताया कि बालिकाओं को लेकर खेल विभाग संजीदा है, ऐसे में बालिकाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए उधमसिंह नगर जनपद में एक गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज जल्द ही प्रारंभ किया जाने वाला है। इसके अतिरिक्त हमारे पास हर जनपद में स्पोर्ट्स हॉस्टल हैं जो कि लगातार काम कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त टैलेंट आईडेंटिफिकेशन को निखारने के लिए हम हर वर्ष खेल महाकुंभ का आयोजन करते हैं। जिसमे करीब ढाई लाख बच्चे प्रतिभागी रहते हैं। आर्या ने कहा कि हम इस खेल को न्याय पंचायत लेवल तक लेकर आते हैं और इसे स्टेट लेवल तक पहुंचाने का काम करते हैं। हाल ही में हम लोग खेल पॉलिसी लेकर आए हैं और इस खेल पॉलिसी में 8 से 14 वर्ष तक की आयु के 300 खिलाड़ियों को प्रति जनपद लगभग 3 हजार 900 और पीआरडी को 1500 रुपये प्रतिमाह छात्रवर्ती देने का निर्णय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया है। जिसकी व्यवस्था खेल पॉलिसी में भी है। ठीक इसी प्रकार से 14 से 23 वर्ष के खिलाड़ियों के लिए 200 खिलाड़ी प्रति जनपद के हिसाब से 2600 खिलाड़ियों को हम लोग 2 हजार रुपये हर माह देने की व्यवस्था की गई है। बता दें कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवा मामलों और खेल के प्रभारी मंत्रियों का यह सम्मेलन 24 और 25 जून, 2022 को केवडिया, गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निकट आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन देश में खेलों को बढ़ावा देने के साथ–साथ युवाओं के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचारों पर चर्चा करने और सुझाव लेने और उत्कृष्टता के स्वर्ण मानक को प्राप्त करने के लिए आगे की राह पर विचार करने के लिए एक मंच है।

## छोटी-छोटी खबरें

### दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

रुद्रप्रयाग। नाबालिग से दुष्कर्म मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) श्रीकांत पांडे की अदालत ने अभियुक्त को दोषी ठहराया है। साथ ही 20 साल के कठोर कारावास की सजा 10 हजार के अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना की रकम नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला इसी साल 4 जनवरी का है। पीड़िता पिता ने राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र में अपनी नाबालिग पुत्री की गुमशुदगी को लेकर प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें उन्हें बताया कि 2 जनवरी को उनकी बेटी घर से रुद्रप्रयाग बाजार किताब कापी खरीदने को कहकर निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। नाबालिग पुत्री की रिश्तेदारी व जान पहचान में काफी ढूंढ–खोज की गई लेकिन उसका कहीं भी कोई पता नहीं चल सका। 4 जनवरी को राजस्व उपनिरीक्षक में नाबालिग पुत्री के गुमशुदगी की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। पीड़िता के पिता द्वारा दिये गये अज्ञात मोबाइल नंबर ट्रैकिंग के आधार पर हरिद्वार से पीड़िता को अभियुक्त के कब्जे से बरामद किया गया और आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। मामले के जांच के दौरान पीड़ित पक्ष की ओर से कई गवाहों को कोर्ट में पेश किया गया। सभी गवाहों ने मामले का पूर्ण समर्थन किया गया।

### मौसम की जानकारी लेकर ही यात्रा पर आएं

देहरादून। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आने वाला समय थोड़ा चुनौती भरा हो सकता है। क्योंकि प्री–मॉनसून उत्तराखंड में दस्तक दे चुका है। ऐसे में पर्यटन विभाग द्वारा लगातार यात्रियों को एडवाइजरी जारी की जा रही है। कंट्रोल रूम का प्रभार संभाल रहे अधिकारी केके जोशी का कहना है कि वह लगातार यात्रियों को सुझाव दे रहे हैं कि वह मौसम की जानकारी लेकर ही यात्रा पर आगे बढ़ें। इसके अलावा सभी यात्रियों से यह अनुरोध किया जा रहा है कि वह अपने साथ गर्म कपड़े लेकर चलें, क्योंकि पहाड़ पर किसी भी वक्त मौसम करवट ले सकता है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि पर्यटन विकास परिषद परिसर में बने चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया है। जहां पर हमने पाया कि चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की संख्या में थोड़ा कमी जरूर आई है। लेकिन फिर भी श्रद्धालुओं की भीड़ धामों में उमड़ रही है। चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम का प्रभार संभाल रहे पर्यटन विभाग के अधिकारी केके जोशी के मुताबिक, अभी भी हर दिन 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है, लेकिन उसके बावजूद भी यात्रियों के जोश में कमी देखने को नहीं मिल रही है।

## आपकी आवाज

**प्रिय पाठकों**

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला–बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।

**क्राइम पेट्रोल लाइव:**

प्रवीन भारद्वाज– 9837625470

डीएवीपी ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772
डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13
दूरभाष : 9837625470

ई–मेल: crimepatroleditor@gmail.com

visit:- https://crimepatrol.live

# सख्ताई: अवैध खनन से लदे चार वाहन पकड़े

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

हरिद्वार। लक्सर क्षेत्र में अवैध खनन पर लगाम नहीं लग पा रही है। रात के अंधेरे में गंगा क्षेत्र में जेसीबी गरज रही हैं। खनन माफिया द्वारा गंगा क्षेत्र में अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। लेकिन प्रशासन इक्का–दुक्का कार्रवाई कर अपनी पीठ थपथपा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी पुलिस–प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। लक्सर तहसील क्षेत्र में रायसी, बालावाली से लेकर भीकमपुर अलावलपुर, निहेंदपुर, फतवा, भोगपुर क्षेत्र में खनन का अवैध कारोबार जोर शोर से चल रहा है। रात के अंधेरे में गरजती जेसीबी मशीनों की आवाज इस बात की तस्दीक करती हैं। कहने के लिए क्षेत्र में अवैध खनन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा है। लेकिन यह सब कहने मात्र के लिए है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस व प्रशासन की मिलीभगत के चलते खनन का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। यदि किसी के द्वारा सूचना पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी को दी जाती है तो कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। यदि कार्रवाई होती है तो महज दिखावा मात्र के लिए होती है। एसडीएम गोपाल राम बिनवाल का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाती है। एसडीएम ने खनन सामग्री से लदे तीन डंपर व एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा है। जानकारी करने पर वाहन चालक खनन से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा सके। जिस पर एसडीएम ने अवैध खनन से लदे चारों वाहनों को सीज किया।



# नैनी झील में मिला महिला का शव



क्राइम पेट्रोल संवाददाता

नैनीताल। नैना देवी मंदिर के पास झील में नैनीझील में गुरूवार सुबह एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मॉर्निंग वॉक कर रहे स्थानीय लोगों ने शव को तैरते देखा। जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है।

कोतवाल प्रीतम सिंह ने बताया कि मॉर्निंग वॉक कर रहे स्थानीय लोगों ने शव को नैना देवी मंदिर के पास झील में तैरते देखा। जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को झील से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि महिला की उम्र करीब 30 वर्ष के आसपास है। महिला की शिनाख्त के लिए नैनीताल समेत आसपास के चौकी और कोतवाली में जानकारी भेज दी है।. प्रथम दृष्टया में लग रहा है कि महिला के द्वारा सुबह ही झील में कूदकर आत्महत्या की गई है।

# डंपर के खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

उत्तरकाशी। डंपर के खाई में गिरने से वाहन सवार तीन लोगों में से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई है। दो घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भरती कराया गया है। चिन्यालीसौड़ में एक डंपर खाई में जा गिरा। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार, घटना देर रात 2 बजे की है। जहां चिन्यालीसौड़ के बल्डोगी–जोगत मोटर मार्ग पर एक डंपर वाहन अनियंत्रित होकर करीब तीस मीटर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि डंपर में चालक समेत तीन लोग सवार थे। हादसा बीती रात में होने के कारण रेस्क्यू में काफी परेशानी हुई। इस हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई. जबकि, हादसे में घायल दो लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए चिन्यालीसौड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया।



# सैनिक स्कूल के लिए वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का किया अनुरोध



नगर संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रक्षा मंत्री को बताया कि उनके द्वारा भारत सरकार की "अग्निपथ योजना के संबंध में 20 जून को उत्तराखण्ड के समस्त जनपदों के पूर्व सैन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद कार्यक्रम के दौरान समस्त पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की अग्निपथ योजना को वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में सैन्य आधुनिकीकरण, देश की सुरक्षा एवं युवाओं के उज्जवल भविष्य के अनुकूल बताया गया। साथ ही संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा "अग्निपथ योजना" के संबंध में अपने-अपने सुझाव विचार भी व्यक्त किये गये। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा दिये गये सुझाव विचार संज्ञानार्थ सौंपे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में एक अतिरिक्त सैनिक स्कूल जखोली जनपद रूद्रप्रयाग में खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। सैनिक स्कूल की स्थापना हेतु उत्तराखण्ड राज्य द्वारा अवस्थापना संबंधी सुविधायें उपलब्ध करानी थी। मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री से राज्य में सीमित संसाधन देखते हुए भारत सरकार से अवस्थापना विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का अनुरोध किया।

# अतिक्रमण पर गरजा सरकारी बुलडोजर



कोटद्वार, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। कोटद्वार शहर में गुरूवार को अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने अभियान चलाया। इस दौरान नगर निगम की टीम ने कोटद्वार के राष्ट्रीय राजमार्ग 534 पर पीएनबी बैंक से लेकर लाल बत्ती चौक तक अतिक्रमण हटाया। यहां पर व्यापारियों ने अतिक्रमण किया हुआ था। यह कार्रवाई नैनीताल हाईकोर्ट के आदेश पर की गयी। नैनीताल हाईकोर्ट ने नवंबर 2021 में कोटद्वार नगर निगम को नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए थे। लेकिन अतिक्रमणकारी यह दलील देते हुए कोर्ट में पहुंचे कि उन्हें नगर निगम के अधिकारियों ने कोई नोटिस ही जारी नहीं किया। जिसके बाद नगर निगम ने कोर्ट के आदेश पर अतिक्रमणकारियों को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया, लेकिन कुछ लोगों ने नगर निगम के नोटिस के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया। वहीं, आज उप जिलाधिकारी, नगर आयुक्त अपनी टीम और पुलिस फोर्स के साथ बुलडोजर लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंचे. जहां पर मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान कोटद्वार में जाम की स्थिति भी बनी. अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पुलिस ने यातायात व्यवस्था बनाने के लिए रूट डाइवर्जन किया। कोटद्वार पुलिस ने यातायात व्यवस्था बनाने और अतिक्रमण हटाने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है।

## 98 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता भूपाल सिंह का निधन

रुद्रप्रयाग, नगर संवाददाता। पठालीधार क्षेत्र के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता भूपाल सिंह रावत का निधन हो गया है। वे 98 साल के थे। शुक्रवार को पैतृक घाट बेडूबगड़ में उनका अंतिम संस्कार हुअर। भूपाल सिंह रावत ने पठालीधार क्षेत्र के विकास के लिए जीवन प्रयंत संघर्ष किया। पठालीधार में पोस्ट ऑफिस, इंटरमीडिएट पठालीधार और मणिपुर, पटवारी चौकी और विजयनगर-पठालीधार मोटर मार्ग का निर्माण उनके संघर्ष से ही मिल पाया। वे पठालीधार में सैनिक स्कूल की स्थापना करवाना चाह्ते थे। साथ ही यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के लिए भी संघर्ष करते रहे। लेकिन उनके ये कार्य अधूरे ही छूट गए। कोई भी विभाग ऐसा नहीं था, जहां उनके ज्ञापन न जाते हों, वे विभिन्न समस्याओं को दूर करने के लिए संबंधित विभागों को पत्र लिखते और उन्हें डाक द्वारा भेज देते थे। उन्होंने जिंदगीभर सामाजिक कार्यों में अपना समय गुजारा। उनके निधन पर कई लोगों ने अपनी संवेदना व्यक्त की है। क्षेत्र पंचायत सदस्य सावन सिंह नेगी ने बताया कि स्वर्गीय भूपाल सिंह रावत ने हमेशा सामाजिक लड़ाइयां लड़ी। वे समाजिक कार्यों के लिए हमेशा आगे रहते थे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की



नगर संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण आर.सी तिवारी ने जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण आर.सी तिवारी ने वार्षिक ऋण योजना के अन्तर्गत त्रैमास मार्च 2022 तक की प्रगति, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री कृषि आदि योजनाओं एवं मार्च 2022 तक एनपीए आदि की समीक्षा की। बैठक में लीड बैंक मैनेजर कुलवीर सिंह पांक्ति ने अवगत कराया कि वार्षिक ऋण योजना 2021-22 के अन्तर्गत मार्च 2022 तक वार्षिक लक्ष्य रू0- 530185.38 लाख के सापेक्ष रू0-490883.68 लाख, लक्ष्य के सापेक्ष 92.58 प्रतिशत प्रगति रही है।

प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की समीक्षा के दौरान कई बैंकों की प्रगति न्यून रहने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसे बैंकों को स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में प्रतिभाग न करने वाले बैंकों एवं विभागों को जिलाधिकारी अथवा उनकी ओर से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा के दौरान प्राप्त 47 आवेदन के सापेक्ष 35 आवेदन बैंकों में लबिंत रहने को गम्भीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से जुलाई माह तक आवेदन का निस्तारण करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने प्राइवेट क्षेत्र के बैंकों को योजनाओं के क्रियान्यवन की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किये जाने वाली कार्यशालाओं में बैंकों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों को एनपीए की स्थिति में सुधार लाते हुए वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार की इस योजना का उद्देश्य शहरी निका क्षेत्र में कोविड-19 के कारण् प्रभावित हुए रेहड़ी/पटरी पर अति लघु व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों के लिए बैको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराना है इसके लिए सभी बैंक के प्रबन्धकों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति पर विशेष ध्यान देते हुए अधिक से अधिक से पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक कुलवीर सिंह पांगती, आरबीआई से मीनाक्षी वर्मा, मुख्य प्रबन्धन भारतीय स्टेट बैंक दीपक लिंगवाल, पर्यटन अधिकारी जे.एस चौहान, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विद्यासागर कापड़ी, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत नेगी सहित विभिन्न बैंको प्रबन्धक/प्रतिनिधि सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

हरिद्वार। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में उत्तर भारत के राज्यों के आकांक्षी जनपदों का संयुक्त जोनल सेमिनार तथा योजनाओं की समीक्षा बैठक मंजुपारा महेन्द्रभाई राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के मुख्य आतिथ्य तथा रमेश पोखरियाल निशंक, सांसद हरिद्वार, रेखा आर्य कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास तथा डॉ0 धन सिंह रावत कैबिनेट मंत्री स्वास्थ्य एवं शिक्षा के विशिष्ट आतिथ्य में हरिद्वार में आयोजित की गयी। इस सेमिनार में उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब एवं जम्मू और कश्मीर के जन प्रतिनिधियों तथा जिलाधिकारियों तथा विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही अकादमिक तथा सिविल सोसाइटी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग




किया गया। सेमिनार का उद्देश्य था उत्तर भारतीय राज्यों के आकांक्षी जनपदों में महिला एवं बाल विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा, बेस्ट प्रैक्टिसेज की साझेदारी करना। कार्यक्रम के औपचारिक शुभारंभ के बाद मुख्य सचिव भारत सरकार इंदीवर पांडेय द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा कहा कि आँगनवाड़ी केंद्रों के कारण कुपोषण के स्तर को बहुत हद तक नियंत्रित किया जा सका है । वर्तमान में आँगनवाड़ी सेवा की गुणवत्ता के साथ ही सेवा के डिजिटलीकरण पर अत्यधिक बल दिया जा रहा है और इस हेतु पोषण ट्रैकर एप को चलाया जा रहा, जिसमें प्रत्येक लाभार्थी महिला एवं बच्चे की जानकारी दर्ज करने के साथ ही उनके एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवास के समय परिवर्तन भी किया जा सकता है ताकि लाभार्थी चाहे कहीं भी हों उन्हें सेवा का लाभ मिलना बंद न हो। इसके साथ ही मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जनपद स्तर पर जिलाधिकारियों की भूमिका को निर्धारित कर दिया गया है जो कि पहले स्पष्ट नही थी। महिला बाल विकास में संचालित विभिन्न योजनाओं को रेशोनलाईज़ करते हुए नए प्रारूप में संचालित किया जा रहा है। अब महिलाओं के लिए हर जनपद एवं हर राज्य में महिलाओं से संबंधित योजनाओं को एक हब के रूप में एक ही जगह उपलब्ध कराया जाएगा। सचिव भारत सरकार ने बल दिया कि जब तक राज्य और जनपद कन्वर्ज नहीं करेंगे तब तक राष्ट्रीय स्तर पर कन्वर्जेन्स का असर परिलक्षित नहीं होगा। महिला बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से प्रदेश में योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन एवं नई योजनाओं के द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण तथा महिला सशक्तीकरण की दिशा में नित नए आयाम प्राप्त किये जा रहे हैं। पोषण अभियान को राज्य में प्रभावी बनाते हुए मुख्यमंत्री आँचल अमृत योजना के अंतर्गत 2 लाख 37 हज़ार बच्चों को 100 एमएल दूध हफ्ते में चार दिन दिया जाता है तथा मुख्यमंत्री बाल पलाश योजना के अंतर्गत सप्ताह में दो दिन अंडा और दो दिन केला दिया जा रहा है तथा इस प्रकार भारत सरकार की पोषण अभियान के ताल से ताल मिलाकर कुपोषण के विरुद्ध प्रतिबद्ध हैं। इसी के साथ बच्चे के स्वास्थ्य के साथ ही माँ के स्वास्थ्य को भी प्रमुखता दी गयी है इसीलिए मुख्यमंत्री द्वारा प्रधान मंत्री मातृवन्दना योजना के सम्पूरक के रूप में महिला पोषण योजना चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत महिलाओं को भी सप्ताह में दो दिन अंडा और दो दिन केला प्रदान किया जा रहा है।

# पूर्णागिरी रोपवे की प्रगति का जायजा लिया

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

चंपावत। कुमाँऊ क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को मूर्त रुप देने तथा मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति का जायजा लेने सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर द्वारा कुमाँऊ मण्डल का भ्रमण किया जा रहा है। भ्रमण कार्यक्रम के प्रथम दिन उन्होने जनपद चंपावत में पूर्णागिरी रोपवे की प्रगति का जायजा लिया और स्थानीय जनता को रोजगार से जोड़ने के लिए रिवर राफ्टिंग गतिविधियों के विकास के सम्बंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान उन्होने नन्धौर वन्यजीव अभयारण्य, हनुमानचट्टी, भैरव मंदिर, टनकपुर साहसिक खेल केन्द्र तथा विवेकानंद आश्रम, श्यामलाताल का भ्रमण एवं निरीक्षण किया और अधिकारियों को विकास कार्यों हेतु प्रस्ताव प्राथमिकता के आधार पर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

सचिव पर्यटन ने कहा कि पर्यटन विभाग का उद्देश्य इस क्षेत्र में रिवर राफ्टिंग गतिविधियों का विकास सुनिश्चित करते हुये स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। जनपद से सम्बंधित सभी मुख्यमंत्री घोषणाओं को शीघ्र पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये है। इन घोषणाओं के क्रियान्वयन से रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पूर्णागिरी रोपवे का कार्य पूरा हो जाने के बाद जहां एक ओर श्रद्धालुओं का अनुभव और भी



रोमांचक हो जाएगा वहीं दूसरी ओर इससे यात्रा और भी सुगम हो जाएगी।

हनुमानचट्टी में सचिव पर्यटन द्वारा रोपवे के लोवर टिर्मिनल का स्थलीय निरीक्षण किया गया और अभियंताओं को निर्देश दिये गये कि आई0आई0टी0 की टीम के माध्यम से जियोटेक्नीकल सर्वे कराने के उपरान्त ही आगे का कार्य प्रारम्भ किया जाये। कुमाँऊ मण्डल विकास निगम तथा पर्यटन विभाग के अधिकारियों को पर्यटक आवास गृह टनकपुर के उच्चीकरण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। साथ ही टनकपुर में मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देश दिये।

नन्धौर वन्यजीव अभयारण्य को ईको–टूरिज्म साईट के रूप में विकसित करने के सम्बंध में जिला पर्यटन विकास अधिकारी तथा वन विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बूम क्षेत्र में उन्होने राफ्टिंग व्यवसायियों से राफ्टिंग सुविधाओं के विकास के सम्बंध में चर्चा की और सम्बंधित अधिकारियों को सुविधाओं के विकास हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। राफ्टिंग साईट के लिए स्मार्ट सोल्यूशन तैयार करने हेतु जलक्रीडा विशेषज्ञ को निर्देश दिये गये ताकि राफ्टिंग गतिविधियों को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाया जा सकें। टनकपुर स्थित साहसिक खेल केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उन्होने जलक्रीडा विशेषज्ञ को निर्देशित किया कि सभी साहसिक उपकरणों का ऑडिट किया जाये। साथ ही उन्होने निर्देश दिये कि साहसिक खेल केन्द्र को उप जिलाधिकारी के निर्देशन में अथवा पीपीपी मोड में संचालित किया जाये,जिससे कि स्थानीय जनता तथा व्यवसायियों को इसका अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। भ्रमण के दौरान जिला पर्यटन विकास अधिकारी अरविन्द गौड समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# केदारनाथ धाम में हुक्का पीने पर राजस्थान के दो युवकों पर कार्यवाही



रुद्रप्रयाग, नगर संवाददाता। धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। मगर धार्मिक स्थलों पर सैर सपाटे के उद्देश्य से आ रहे कुछ लोग ऐसा करने से बाज आ रहे हैं। उत्तराखंड सरकार ने धार्मिक स्थलों पर हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई करने के आदेश दिया हुआ है। जिसके बाद पुलिस प्रशासन की टीम धार्मिक स्थलों के समीप हुड़दंग, नशा आदि करने वालों पर सख्त कार्रवाई कर रही है। उत्तराखंड पुलिस धार्मिक स्थलों की स्वच्छता एवं मर्यादा बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। देवभूमि के धार्मिक स्थलों में आने वाले लोगों का पुलिस स्वागत कर रही है। लेकिन यहां पहुंचने के बाद धार्मिक स्थलों की शांति और मर्यादा भंग करने का प्रयास करने पर उनके खिलाफ नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई भी कर रही है। ऐसा ही कुछ केदारनाथ धाम में पुलिस ने किया है। पुलिस ने धाम में दो युवाओं को हुक्का पीने पर पुलिस अधिनियम में चालान कर दिया है। केदारनाथ धाम में केदारनाथ चौकी पुलिस को बीकानेर राजस्थान निवासी किशोर पुत्र दुर्गाराम और अनिल पुत्र रामेश्वर खुले में हुक्का पीते पाए गए। आशंका जताई जा रही थी कि ये युवक हुड़दंग भी कर सकते थे। लेकिन जब तक ऐसा करते केदारनाथ धाम में तैनात पुलिस कर्मी अर्जुन सिंह रावत और दीपक जोशी ने दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों युवकों का 81 पुलिस अधिनियम में चालान किया। जबकि, सख्त हिदायत भी दी गई कि धार्मिक स्थलों पर इस तरह का कृत्य किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किए जायेंगे। रुद्रप्रयाग पुलिस ने धार्मिक एवं तीर्थ स्थल पर आने वाले लोगों से अपील करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों पर आकर यहां की मर्यादा एवं शांति को भंग ना करें। यहां की पवित्रता एवं साफ–सफाई बनाएं रखें। किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शीघ्र बनेगी पैक्स समितियों की नियमावली: डा. धन सिंह रावत



नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड सहकारिता विभाग के अंतर्गत प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) की नियमावली सहित सहकारिता विभाग का संशोधित ढांचा शीघ्र तैयार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों दिये गये। प्रत्येक विकासखंडों में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता को तैनात किया जाएगा। चतुर्थ श्रेणी कर्मिकों की तैनाती का अधिकार उत्तर प्रदेश की भांति उप निबंधकों को दिया जायेगा। उत्तर प्रदेश के साथ विभागीय परिसम्पत्तियों के बंटवारे की सभी तैयारियों के साथ सचिव स्तरीय बैठक करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज अपने शासकीय आवास में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। डॉ रावत ने बताया कि शीघ्र ही प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) की नियमावली तैयार की जायेगी, जिसके निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि नियमावली बनने से समितियों के कामकाज में पारदर्शिता आयेगी और स्थानीय स्तर पर इसका लाभ लाभार्थियों को मिल सकेगा। विभागीय मंत्री ने बताया कि सहकारिता विभाग का संशोधित ढांचा तैयार करने के भी निर्देश दे दिये गये हैं। प्रत्येक विकासखंडों में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता को तैनात किया जाएगा ताकि विभाग की विभिन्न योजनाओं का विस्तार एवं निःशुल्क ऋण वितरण में तेजी लायी जा सकेगी।। उन्होंने बताया कि विभाग के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी कर्मिकों की तैनाती का अधिकार उत्तर प्रदेश की भांति अब उप निबंधकों को दिया जायेगा। डॉ0 रावत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के साथ विभागीय परिसम्पत्तियों के बंटवारे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर सचिव स्तरीय बैठक करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये हैं।

# ऑनलाइन ठगी के मामले में 49 हजार की रकम वापस कराई



क्राइम पेट्रोल संवाददाता

पौड़ी। पुलिस ने धुमाकोट क्षेत्र के अंतर्गत ऑनलाइन ठगी के एक मामले में 49 हजार 999 की धनराशि लौटाई है। पीड़ित से टाटा स्काई रिचार्ज के नाम पर ऑनलाइन ठगी हुई थी। धनराशि वापस पाने पर पीड़ित ने पुलिस का आभार जताया है। इसकी जानकारी एसएसपी कार्यालय ने दी है। पौड़ी एसएसपी कार्यालय ने बताया कि बीते 10 जून को धुमाकोट के बाड़ाडांडा निवासी दिलवर सिंह ने धुमाकोट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसमें उन्होंने कहा कि 10 जून को ही उन्होंने टाटा स्काई पर रिचार्ज किया लेकिन रिचार्ज प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई. इस पर दिलवर सिंह ने नेट पर टाटा स्काई के कस्टमर केयर नंबर सर्च कर उसमें कॉल की। इस दौरान कस्टमर केयर ने दिलवर सिंह से उनके एटीम पर 16 डिजिट के अंक और सीवीवी नंबर भी पूछे, जिस पर दिलवर ने कस्टमर केयर को सभी जानकारियां दे दीं। कुछ देर बाद दिलवर सिंह के फोन पर 49,999 की धनराशि काटे जाने का मैसेज आया। इतनी राशि टाटा स्काई को नाम पर काटे जाने के मैसेज ने दिलवर को होश उड़ा दिये। इस संबंध में दिलवर से उसी समय धुमाकोट थाने में जाकर प्रकरण के बारे में अवगत कराया, जिस पर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की। साइबर क्राइम सेल टीम पौड़ी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धनराशि का लेन–देन विवरण प्राप्त किया।

# द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीद्वार बनाए जाने पर बांटी मिठाईयां




देहरादून, नगर संवाददाता। झारखंड की पूर्व राज्यपाल और नेता द्रौपदी मुर्मू आगामी राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय द जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार की घोषणा होने पर प्रदेश भाजपा जनजाति मोर्चा (उत्तराखंड) ने विकासनगर बाजार और हरबर्टपुर बाजार में मिठाइयां बांटकर सभी को बधाइयां व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष, नगर पालिका सदस्य कृष्णा तोमर, प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य गीताराम तोमर, प्रदेश जनजाति मोर्चा महामंत्री राजवीर राठौर, जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यालय प्रभारी बिशन दत्त शर्मा, जनजाति मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नरेश रावत, मंडल अध्यक्ष कालसी भगत सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष विकासनगर चंचल सिंह चौहान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुमित्रा चौहान, पूनम चौहान, दीपिका जोशी, सुमित्रा भट्ट,सुमन शर्मा अजीत तोमर व विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

# वन्य जैव अवशेषों के उपयोग की संभावनाओं का मूल्यांकन किया

नगर संवाददाता

रुड़की। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) से प्रोफेसर विनय शर्मा और प्रोफेसर रजत अग्रवाल ने कम लागत वाली ऊर्जा उत्पादन के लिए वन्य जैव अवशेषों के उपयोग पर एक परियोजना की कल्पना की। संयुक्त राष्ट्र एसडीजी के साथ संरेखण में वन जैव अवशेष ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से सामाजिक–आर्थिक मूल्य निर्माण शीर्षक वाली परियोजना को भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय के तहत हिमालयी अध्ययन पर राष्ट्रीय मिशन द्वारा वित्तीय रूप से समर्थित एक पायलट परियोजना के रूप में प्रदान किया गया, इसके साथ ही वन्य जैव अपशिष्ट अवशेषों से कम लागत वाली ऊर्जा उत्पादन के पूरक स्रोत के विकास के साथ–साथ उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में स्वदेशी हरित प्रौद्योगिकियों के स्थायी प्रबंधन प्रथाओं की स्थापना पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस परियोजना की पहल करते हुए योजना के अनुसार वन विभाग, उत्तराखंड की मदद से 100 एकड़ वन भूमि से कुल 1000 क्विंटल से अधिक चीड़ की सुइयां एकत्र की गई। इन पाइन सुइयों को आईआईटी रुड़की और यूपीईएस, देहरादून की प्रयोगशालाओं में डिज़ाइन और विकसित मशीनों और क्रशर की मदद से क्रश और



संसाधित (प्रॉसेस्ड) किया गया। परियोजना के शुभारंभ से पहले, गांवों में नियमित प्रशिक्षण और कार्यशाला सत्र और विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों के बीच केंद्रित समूह चर्चा के रूप में सामुदायिक जुड़ाव और क्षमता जैसे निर्माण कार्यक्रम शुरू किए गए। गांवों के लाभार्थियों को ब्रिकेटिंग मशीन और क्रशर की स्थापना और संचालन सीखने के लिए एक प्रशिक्षण सह कार्यशाला सत्र कार्यक्रम चलाया गया, जहां विशेषज्ञों द्वारा संचालन और सुरक्षा से संबंधित शंकाओं और प्रश्नों का समाधान किया गया। डॉ. गौरव दीक्षित, फैकल्टी, प्रबंधन अध्ययन विभाग, आईआईटी रुड़की, ने ब्रिकेट के विक्रेता और खरीदार को जोड़कर संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को एकीकृत करने के लिए एक बहुउद्देशीय और उपयोगकर्ता के अनुकूल मोबाइल एप्लिकेशन हिमालयन ब्रिकेट प्रोडक्शन एंड मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर विकसित किया। अब औद्योगिक विस्तार के लिए बड़े स्तर पर परियोजना के दूसरे चरण की कल्पना की जा रही है जिसमें उत्तराखंड के अनेक जंगलों में उत्पन्न होने वाली आग जो हेक्टेयर भूमि को स्वाहा करने के लिए ज़िम्मेदार हो सकती है। परियोजना की अवधारणा पीएच. डी. रिसर्च के माध्यम से विकसित हुई जिसे प्रोफेसर विनय शर्मा और पीएच.डी स्कॉलर डॉ. कपिल जोशी, एडिशनल प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन विभाग, उत्तराखंड सरकार द्वारा निर्देशित किया गया। कोर टीम ने यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज़, देहरादून से भी भागीदारी की।

## संपादकीय..............

# नयी बाइक के शौक ने बना दिया लुटेरा

21 जून को पांडुकेश्वर में रह रहे बाबा से लूट अंजाम देने के आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार लूट की घटना में दो नाबालिग किशोरों की भूमिका भी सामने आई। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि दोनों नाबालिग किशोरों को संरक्षण में लेकर आगे की कार्रवाई की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व इस लूट की घटना की योजना बनाई गई थी। लूट के पैसों से नयी बाइक खरीदने की भी योजना थी। जानकारी के अनुसार रामलखन हनुमानदास निवासी पांडुकेश्वर जनपद चमोली ने गोविंदघाट पुलिस को शिकायत दी कि 21 जून की रात को उसके पास तीन लड़के आए और बीड़ी व माचिस मांगने लगे। मना करने पर तीनों युवकों ने उससे गाली गलौज के साथ ही हाथ से पोटली छीन कर स्कूटी में भाग गए। पोटली में दान दक्षिणा के 2–3 लाख रुपये व चांदी के गिलास व पहनने के कपड़े थे। तहरीर के आधार पर थाना गोविन्दघाट अज्ञात युवकों पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू की। एसपी श्वेता चौबे के निर्देश पर पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू की। पुलिस उपाधीक्षक चमोली धन सिंह तोमर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष गोविन्दघाट नरेन्द्र सिंह द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए उ.नि. विनोद चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा बाबा द्वारा बताये गये हुलिये के व्यक्तियों की तलाश शुरु की गयी एवं घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों जांच की। साथ ही अपने स्तर से गठित जानकारियों की कड़ी को जोडते हुए आरोपितों के स्कैच तैयार किए गए। इस दौरान बीती देर रात विष्णुप्रयाग पुल से पहले बलदौडा पुल को जाने वाले रास्ते में आकस्मिक चैकिंग की गयी। 1 बाईक आती हुयी दिखी जिन्हें रोकने का कहा गया तो उनके द्वारा धीरे से बाईक को पीछे मोडने का प्रयास किया गया। बाबा से पूछने पर बताया कि ये ही तीनों लड़के थे जिन्होनें उस रात को मेरे साथ लूट की थी। जिस पर अखिलेश पुत्र गुड्डू लाल निवासी फॉरेस्ट कॉलोनी जोशीमठ उम्र– 18 वर्ष व दो नाबालिक किशोरों को मौके से संरक्षण में लेकर लूट की घटना का सफल अनावरण किया गया।

# जेके ऑर्गेनाइजेशन ने आयोजित किए रक्तदान शिविर




क्राइम पेट्रोल संवाददाता

हरिद्वार। जेके ऑर्गेनाइजेशन के पूर्व अध्यक्ष श्री हरि शंकर सिंघानिया की 89वीं जयंती के उपलक्ष्य में जाने–माने ओद्यौगिक समूह ने अपने विभिन्न प्लांट्स एवं कार्यालयों में 'रक्तदान शिविरों' का आयोजन किया। समूह कई तरह से सामाजिक सेवाओं में सक्रिय है। स्वर्गीय श्री हरी शंकर सिंघानिया को श्रृद्धांजली देने के लिए विशेष रूप से रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया, जो खुद हमेशा समाज के लिए कुछ करना चाहते थे। 'पद्म भूषण' पुरस्कार विजेता स्वर्गीय श्री हरी शंकर सिंघानिया ने कई नए उद्यमों की स्थापना तथा देश–विदेश से कंपनियों के अधिग्रहण द्वारा जेके ऑर्गेनाइजेशन के विकास में सक्रिय भूमिका निभाई। जेके ऑर्गेनाइजेशन के 5500 से अधिक कर्मचारियों ने इस मानवतावादी कार्य के लिए पंजीकरण किया और रक्तदान अभियान में हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया। रक्तदान से पहले सभी डोनर्स के ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, वजन आदि की जांच की गई। हर डोनर को अभियान में हिस्सा लेने के लिए एक प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस मौके पर भरत हरि सिंघानिया, चेयरमैन, जेके ऑर्गेनाइजेशन ने कहा, ''हमारे संस्थापकों के दृष्टिकोण के अनुसार समाज को कुछ देने के प्रयास में जेके ऑर्गेनाइजेशन पिछले 100 सालों से सभी को गुणवत्तापूर्ण जीवन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वर्गीय श्री हरी शंकर सिंघानिया की जयंती के पावन अवसर पर जेकेओ ग्रुप कंपनीज में आयोजित यह रक्तदान अभियान बड़ी संख्या में लोगों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो जरूरतमंद मरीजों को रक्त देकर उन्हें नया जीवन दे सकता है।''जेके ऑर्गेनाइजेशन की सभी ग्रुप कंपनियों– जेके टायर, जेके पेपर, जेके लक्ष्मी सीमेंट, जेके एग्री जेनेटिक्स, जेके फेन्नर, उमंग डेयरीज लिमिटेड, ग्लोबल स्ट्रैटेजिक टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, क्लिनीआरएक्स टेंजेंट रीसर्च लिमिटेड, इंडिका ट्रेवल्स, पीएसआरआई हॉस्पिटल एवं जेके लक्ष्मीपत युनिवर्सिटी ने इस अभियान में हिस्सा लिया।

# केडीपी पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के पांचवें एडिशन के लिए आमंत्रित की प्रविष्टियां

नगर संवाददाता

देहरादून। अमेजन इंडिया ने आज अपने वार्षिक किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग (केडीपी) फ्लैगशिप इवेंट पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के पांचवें संस्करण का शुभारंभ किया इस प्रतियोगिता के साथ अमेजन लेखकों को अंग्रेजी, हिंदी और तमिल भाषाओं में मूल और अप्रकाशित प्रविष्टियां जमा करने के लिए आमंत्रित करता है। यहां एक प्रतिष्ठित निर्णायक पैनल प्रविष्टियों का विश्लेषण करेगा। यहां हिंदी प्रविष्टियों के लिए सत्य व्यास और विजय काकवानी, अंग्रेजी प्रविष्टियों के लिए सुदीप नागरकर और सुधा नायर और तमिल प्रविष्टियों के लिए नागा चोकन मूल्यांकन करेंगे इच्छुक नवोदित लेखक केडीपी सर्विस का उपयोग कर 5,000 शब्दों से अधिाक की अपनी ई–पुस्तक को स्वयं प्रकाशित कर प्रतियोगिता में अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रतिभागी यहां अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं, जिन्हें 10 जुलाई 2022 से 10 सितंबर 2022 तक मौलिकता, रचनात्मकता, लेखन की गुणवत्ता और ग्राहकों की प्रतिक्रिया सहित कई मानदंडों पर आंका जाएगा। प्रतियोगिता के पिछले संस्करणों के विपरीत, इस वर्ष प्रत्येक भाषा में शीर्ष 10 प्रविष्टियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। विजयी प्रविष्टि को 1 लाख का नकद पुरस्कार मिलेगा, जबकि प्रथम उपविजेता को 50,000 और द्वितीय उपविजेता को 30,000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। शीर्ष 10 में से अन्य सात प्रतिभागियों में प्रत्येक को 10,000 की राशि प्रदान की जाएगी। लॉन्च के मौके पर अपने विचार साझा करते हुए, अमोल गुरवारा, डायरेक्टर किंडल कंटेंट इंडिया अमेजन ने कहा पेन टू पब्लिश के चौथे संस्करण ने हमारी उम्मीदों को और भी बढ़ा दिया है इसने हमें इस वार्षिक प्रतियोगिता को आगे भी जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया है सेल्फ–पब्लिशिंग के माध्यम से सभी क्षेत्रों के लेखकों को सशक्त बनाने और उन्हें श्ऑथरप्रिनियोरश् बनने में मदद करने के अपने वादे को आगे बढ़ाते हुए, हमें इस पांचवें संस्करण की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हमारा उद्देश्य उत्साही लेखकों को अपने काम को सेल्फ पब्लिश कर अपने लेखन के जुनून को करियर में बदलने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# जैव विविधता की रक्षा करने के लिए 3.20 करोड़ रु. की ग्रांट की घोषणा

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। भारत के प्राकृतिक आवासों और वहां की स्थानीय प्रजातियों की रक्षा व संरक्षण के लिए काम करने वाला गैर लाभकारी संगठन, द हैबिटैट्स ट्रस्ट भारत के लुप्तप्राय वन्यजीवों और प्राकृतिक आवासों की रक्षा व संरक्षण के लिए उल्लेखनीय काम करने वाले संगठनों व लोगों को वित्तीय सहयोग प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। कुल 3.20 करोड़ रु. (तीन करोड़ बीस लाख रु.) की पुरस्कार राशि के साथ द हैबिटैट्स ट्रस्ट ग्रांट तीन श्रेणियों में प्रदान की जाएगी, जिनका उद्देश्य भारत की समृद्ध जैवविविधता की रक्षा करना है। ग्रांट के लिए आवेदन पोर्टल 23जून से 5अगस्त तक खुला रहेगा और इसके फॉर्म ऑनलाईन भरे जा सकेंगे।

रुषिकेश चवन हेड द हैबिटैट्स ट्रस्ट ने कहा जैव विविधता का संरक्षण करने की जरूरत बहुत ज्यादा है क्योंकि मानवता के सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों को दूर करने के मामले में भारत अभूतपूर्व संकट की ओर बढ़ रहा है। सेंटर फॉर साईंस एंड एम्पॉवरमेंट की साल 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक चार जैवविविधता वाले हॉटस्पॉट्स के तहत आने वाला हमारे देश का 90 प्रतिशत हिस्सा नष्ट हो चुका है और यहां रहने वाली 25 प्रजातियां विलुप्त हो गई हैं। हैबिटैट्स ट्रस्ट ग्रांट्स हमारी समृद्ध जैव विविधता को सुरक्षित व बहाल करने के लिए पर्यावरण प्रेमियों द्वारा किए जाने वाले प्रयासों को गति देने व उनका विस्तार करने का प्रयास करता है।''

''हमारी ग्रांट श्रेणियां यह सुनिश्चित करने में मदद करेंगी कि हम परियोजनाओं के विस्तार व विस्तृत श्रृंखला में अपना सहयोग दे सकें। 3.20 करोड़ रु. की ग्रांट राशि (पिछले साल 1.26 करोड़ रु.) और लंबे समय तक चलने वाली परियोजनाओं के साथ हमारे ग्रांटी साल–दर–साल ज्यादा गहरे व सतत प्रयास कर प्रभाव उत्पन्न करने में समर्थ बनेंगे। मैं खास सीड्स ग्रांट के लिए उत्साहित हूँ क्योंकि इससे हम पर्यावरणप्रेमियों की युवा पीढ़ी का विकास कर उन्हें प्रयोगात्मक परियोजनाओं पर काम करने की स्वतंत्रता व अवसर दे सकेंगे।

# कर्मचारियों और अधिकारियों की पदोन्नति में तेजी लाने के निर्देश

नगर संवाददाता

देहरादून। शिक्षा विभाग में शिक्षकों के वार्षिक स्थानांतरण पूरी पारदर्शिता के साथ होंगे। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को दो टूक निर्देश दे दिये गये हैं। जो शिक्षक लम्बे समय से दुर्गम एवं पर्वतीय क्षेत्रो में वर्षों से तैनात हैं उन्हें सुगम स्कूलों तथा जो मैदानी क्षेत्रों में जमे हैं उन्हें दुर्गम क्षेत्र के विद्यालयों में भेजा जायेगा। शिक्षा विभाग में डायट, अटल आदर्श विद्यालय एवं नवोदय विद्यालयों की पृथक नियमावली बनाई जायेगी, विभाग में पात्र कार्मिकों एवं अधिकारियों की पदोन्नति की कार्यवाही में तेजी लायी जायेगी।



शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शिक्षा निदेशालय में विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने शिक्षकों के तबादले पूरी पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक वर्षों से पर्वतीय क्षेत्रों के विद्यालयों में सेवाएं दे रहे हैं उन्हें मैदानी क्षेत्रों में तैनात किया जायेगा जबकि जो शिक्षक सुगम की सेवाएं पूर्ण कर चुके हैं उन्हें पर्वतीय क्षेत्रों के विद्यालयों में भेजा जायेगा। डॉ0 रावत ने विभागीय अधिकारियों को दो टूक कहा कि स्थानांतरण में कोई सिफारिश नहीं चलेगी। उन्होंने शिक्षा विभाग में पात्र कार्मिकों एवं अधिकारियों की पदोन्नति की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। सहायक अध्यापकों की पदोन्नति प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा। बैठक में विभाग के अंतर्गत संचालित अटल आदर्श विद्यालय, नवोदय विद्यालय एवं डायटों की पृथक नियमावली बनाने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में नई शिक्षा नीति लागू करने की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया। जिसमें अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सूबे में प्राथमिक विद्यालयों के साथ संचालित 4457 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बालबाटिका नाम से कक्षाएं शुरू करने हेतु तैयारियों कर ली गई हैं जिसके तहत बालबाटिका शिक्षक हस्तपुस्तिका एवं बालबाटिका अभ्यास पुस्तिका तैयार कर प्रकाशन का कार्य गतिमान हैं। बालबाटिका के संचालत हेतु एससीईआरटी कार्यलय देहरादून में ई0सी0सी0ई0 यूनिट का गठन किया जा चुका है। इसी क्रम में 22 से 24 जून तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, उप शिक्षा अधिकारी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी, को–लोकेटेड विद्यालयों के प्रधानाध्यापक तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों हेतु अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई है। नई शिक्षा नीति के तहत विद्यालयों के पूर्व छात्र, सेवानिवृत्त शिक्षकों, वैज्ञानिकों, स्वयंसेवकों तथा विषय विशेषज्ञों का डाटाबेस तैयार किया जा रहा है।

# मेधावी छात्रों को छात्रवृत्तियां वितरित कीं



नगर संवाददाता

देहरादून। कुसुम कांता फाउंडेशन के द्वितीय स्थापना वर्ष के अवसर पर हिमालीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पदमश्री माधुरी बर्थवाल ने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति और संगीत की परंपरा की जड़ें अत्यधिक मजबूत हैं। उन्होंने अनेक उद्धरणों की प्रस्तुति देते हुए उत्तराखंड के लोक संस्कृति के महत्व को देश के विभिन्न राज्यों की परंपरा से जोड़ते हुए कहा कि यहां की संस्कृति ने पूरे देश के लिए जननी का कार्य किया है। फाउंडेशन के कार्यों की प्रशंशा करते हुए माधुरी ने महिलाओं के सशक्तिकरण तथा साहित्य संगीत में निरंतर फाउंडेशन के उलीखनीय कार्यों में सभी को सहभाग करने का आवाहन किया। माधुरी ने अपने गायन की झलकियों से पूरे प्रसाल को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि उत्तराखंड की शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी ने फाउंडेशन द्वारा शिक्षा तथा बालिकाओं के लिए निरंतर किए जा रहे प्रयास के लिए फाउंडेशन की संस्थापक विदुषी निशंक को बधाई दी। कार्यक्रम में पूर्व उच्च शिक्षा निदेश्क डा सविता मोहन ने फाउंडेशन के कार्यों और उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। फाउंडेशन की प्रमुख सदस्य शिवानी गुप्ता ने आगामी कार्य योजना की जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमालीयीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जे पी पचौरी ने गाय फाउंडेशन के उद्देश्यों की पूर्ति में विश्वविद्यालय स्तर से भरपूर सहयोग की बात करते हुए युवा पीढ़ी को समाज में जुड़ने हेतु प्रेरित करते हुए इसे जीवन और प्रगति का अंग बनाए जाने पर जोर दिया। फाउंडेशन की संस्थापक विदुषी निशंक ने सभी आगंतुकों, प्रतिभागियों,मेधावी छात्रों सहित उद्यमी महिलाओं का आभार व्यक्त किया। विदुषी ने भविष्य में किए जाने वाले दृष्टिकोण से भी अवगत कराते हुए सामुदायिक सहभागिता में योगदान देने पर मिलने वाली संतुष्टि को जीवन सफलता का मूल बताया।

# चट्टान का बड़ा हिस्सा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरा



चमोली, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। कर्णप्रयाग ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग चट्टान टूटने से बाधित हो गया है। पिछले 8 घंटे से सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की टीम हाईवे को खोलने का प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक मार्ग सुचारू नहीं हो पाया है। हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई है, जिसे चारधाम यात्रा वाहन भी हैं।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को अचानक पहाड़ी से चट्टान का बड़ा हिस्सा खिसकर कर्णप्रयाग ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गया था। इससे हाईवे के दोनों ओर लंबा जाम गया। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की टीम तभी रास्ते के खोलने के प्रयास कर रही है, लेकिन 8 घंटे बीत जाने के बाद भी बीआरओ को इसमें सफलता नहीं मिली है। सीमा सड़क संगठन के कमान अधिकारी एमके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मौणाछिड़ा के पास चट्टान टूटने से राजमार्ग बाधित हो गया। जेसीबी मशीन से राजमार्ग को खोलने का काम चल रहा है। जल्द ही राजमार्ग को सुचारु किया जाएगा।

# डेंगू, मलेरिया की रोकथाम और बचाव को लेकर जागरूक किया

देहरादून, नगर संवाददाता। जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार द्वारा जनपद में डेंगू, मलेरिया की रोकथाम एवं बचाव के सम्बन्ध में जनजागरूकता अभियान चलाये जाने हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार उप्रेती ने डेंगू मलेरिया के लक्षण बचाव के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि मुख्य चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया कि डेंगू बुखार एक प्रकार के मच्छर के काटने से फैलने वाला वायरल बुखार है मच्छर एक वैक्टर है और इसके द्वारा फैलने वाली बीमारी को मच्छर जनित रोग कहते है। डेंगू सभी मच्छरों के काटने से नहीं फैलता है। संक्रमित एडीज इजिप्टाइ और एडीज एल्बोपिक्टस नामक मादा मच्छर के काटने से यह फैलता है। इसे टाइगर मच्छर भी कहते हैं। यह मच्छर ज्यादातर दिन के समय ही काटते है। एडिज मच्छर एकत्रित साफ व स्थिर पानी में पनपता है। अगर किसी व्यक्ति को डेंगू का संक्रमण है और एडिज मादा मच्छर उस संक्रमित व्यक्ति से खून पीता है तो मच्छर में डेंगू वायरस युक्त खून चला जाता है तथा यह संक्रमित मच्छर जब किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो वह व्यक्ति डेंगू के वायरस से संक्रमित हो जाता है। इस प्रकार यह चक्र चलता रहता है। एडीज मच्छर पनपने के स्थान। बर्तन, पानी की टंकी रूम कूलर फूल दान टूटी फूटी बोतलें नारियल का खोल गमले टंकी के ढक्कन का किनारा पुराने टायर्स व डिब्बे आदि यहाँ तक कि पत्तियों में भी अगर एक सप्ताह तक पानी ठहरा हो तो यह मच्छर आसानी से पनप सकता है अधिकांशतः यह मच्छर घर के अन्दर ही रहता है तथा दिन के समय काटता है।

# अटैचमेन्ट पर सख्त मन्त्री, सिफारिश के बल पर अटैचमेंट करवाने वालों की संबद्धता खत्म

नरेंद्र क्षेत्री

देहरादून। उत्तराखंड में सरकार ने कर्मचारियों के तबादलों को लेकर सख्ती दिखाई है। कई विभागों ने सिफारिश के बल पर अटैचमेंट करवाने वाले कर्मचारियों की संबद्धता खत्म करने के आदेश भी दिए है। राज्य में ऐसे कर्मचारियों और अधिकारियों को लेकर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भी संदेश देने की कोशिश की है और उद्यान और ग्रामीण विकास में बड़ी संख्या में कर्मचारियों के अटैचमेंट खत्म कर दिए हैं।

उत्तराखंड में राज्य सरकार ने तबादलों में सख्ती दिखाई तो विभागीय मंत्रियों ने भी इस पर अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया। खास तौर पर कृषि, उद्यान और ग्रामीण विकास विभाग में तो अब तक कई कर्मचारियों के अटैचमेंट खत्म किए जा चुके हैं। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो उद्यान विभाग में अब तक 160 कर्मचारियों की संबद्धता खत्म की गई है और इसके बाद उन्हें फील्ड में भेजा गया है। इसी तरह कृषि विभाग में 46 कर्मचारियों के अटैचमेंट खत्म किए गए जबकि ग्रामीण विकास विभाग में भी 15 कर्मचारियों को फील्ड में भेजकर उनकी संबद्धता खत्म की गई है। बता दें कि राज्य सरकार की तरफ से प्रदेश में तबादलों को उद्योग ना बनाए जाने को लेकर दिशा निर्देश दिए जाते रहे हैं। इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के स्तर पर अपने विभागों में बदलाव किए गए हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उन्होंने अपने विभाग में कर्मचारियों को सख्त निर्देश दे दिए हैं। हालांकि कई बार भारी दबाव होता है लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कर्मचारियों के अटैचमेंट खत्म कर बड़े बदलाव करने की कोशिश की है।

## मसूरी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सिंचाई मंत्री से मिले कृषि मंत्री



नगर संवाददाता

देहरादून। अपनी विधानसभा क्षेत्र मसूरी की विभिन्न समस्याओं को लेकर कृषि मंत्री गणेश जोशी, सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज से उनके सचिवालय स्थित कार्यालय में मुलाकात करने पहुंचे। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि दिलाराम बाजार स्थित सिंचाई विभाग की भूमि को फ्रीहोल्ड करने के संबंध में वार्ता के लिए सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज से मुलाकात का सुयोग बना। इस प्रकरण पर उन्होंने बहुत ही सकारात्मक रूख जाहिर किया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री घोषणाओं के संबंध में भी चर्चा की गई। इस दौरान सचिव सिंचाई हरीश चन्द्र सेमवाल, प्रमुख अभियंता मुकेश मोहन एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार पर नहीं कसी नकेल तो हर नागरिक पर होगा कर्जः जोत सिंह बिष्ट



नगर संवाददाता

देहरादून। आप पार्टी के प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ने केन्द्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार लगातार चुनावी मोड में रहने के कारण देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को रसातल तक पहुंचाने पर आमादा है। केंद्र सरकार ना तो बैंक घोटालों को रोक पा रही है ना ही अर्थव्यवस्था को दुरुस्त कर पा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बातें तो बहुत बड़ी–बड़ी कर रही है, लेकिन अपने अफसरों को घोटाले करने से नहीं रोक पा रही है। राज्य सरकार ने बजट सत्र में स्वीकार किया है कि, उनकी सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष के अनुपूरक बजट की रकम से ज्यादा धनराशि विकास कार्यों में खर्च नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि सन 2000 में अस्तित्व में आए तीन राज्यों में से उत्तराखंड का हर व्यक्ति सबसे अधिक कर्जदार है। आज राज्य का प्रति व्यक्ति 74 हजार का कर्जदार है जबकि उत्तराखंड के साथ बने राज्य छत्तीसगढ़ का व्यक्ति 34 हजार का और झारखंड का प्रत्येक व्यक्ति 27 हजार का कर्जदार है। उन्होंने कहा कि इससे ही अनुमान लगाया जा सकता है कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार राज्य के बजट का उपयोग जनहित में और विकास कार्यों में करने के बजाय पैसे का दुरुपयोग कर रही है। आम आदमी पार्टी सरकार की जनविरोधी नीतियों के साथ–साथ सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार पर पैनी नजर रखे हुए हैं। सरकार एक अधिकारी को गिरफ्तार करके अपनी पीठ थपथपाने के बजाय राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार पर हकीकत में नकेल कसने के लिए काम करे। नहीं तो राज्य कर्ज के बोझ में दब जाएगा और राज्य के प्रत्येक व्यक्ति पर कर्ज बढ़ता जाएगा। जो ना ही राज्य के हित में है और ना ही जनता के हित में है।

## नदी में फंसे युवक की एसडीआरएफ ने बचाई जान



iou d';i

:nì;kxA एसडीआरएफ टीम को थाना सोनप्रयाग से सूचना मिली कि मनकुटिया के पास नदी में एक व्यक्ति फंस गया है। एसडीआरएफ टीम की आवश्यता है। उक्त व्यक्ति मनकुटिया के पास के जंगल में घूम रहा था। रास्ता भटक जाने के कारण वह मंदाकिनी नदी के किनारे चला गया, जिससे वह वहां फंस गया। सूचना प्राप्त होने पर एसडीआरएफ पोस्ट सोनप्रयाग से निरीक्षक अनिरुद्ध भंडारी के नेतृत्व में टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। उक्त व्यक्ति पिछले 4 घंटे से नदी के दूसरे किनारे पर फंसा हुआ था। एसडीआरएफ टीम द्वारा त्वरित रोप रिवर रेस्क्यू कर उक्त व्यक्ति नाम कालूराम पुत्र अरविंद राम निवासी राजस्थान उम्र 37 वर्ष को सकुशल बाहर निकालकर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया। जिस पर उक्त व्यक्ति द्वारा एसडीआरएफ टीम का आभार व्यक्त किया गया। एसडीआरएफ पोस्ट सोनप्रयाग से निरीक्षक अनिरुद्ध भंडारी, निरीक्षक कर्ण सिंह, मुख्य आरक्षी आशीष डिमरी, आरक्षी सुभाष चंद्र, अरविंद सिंह, कुलदीप सिंह, जगदीश प्रसाद, पैरामेडिक्स अमृत रावत घटनास्थल पर शामिल रहे।

## शान्तिपूर्ण सत्याग्रह का आयोजन किया जायेगा

नगर संवाददाता

देहरादून। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जयेन्द्र रमोला ने जारी बयान में कहा कि ऋषिकेश विधानसभा में अग्निपथ योजना के विरोध में 27 जून को शान्तिपूर्ण सत्याग्रह के आयोजन किया जायेगा। रमोला ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा बिना व्यापक परामर्श के अपने हिटलरशाही नीतियों को थोपने से



सशस्त्र बलों में भर्ती होने का सपना देख रहे युवा बेरोजगार नौजवानों में भारी आक्रोश है। कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रहितों की रक्षा तथा सेना के गौरवपूर्ण विरासत को लेकर पहले दिन से ही इस योजना का व्यापक स्तर पर विरोध किया है। इसी संदर्भ में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा बीती 20 जून को जंतर मंतर दिल्ली में शांतिपूर्ण सत्याग्रह आयोजित किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित।
क्राइम पेट्रोल संध्या दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, नोटः- समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।